पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>नये मंत्रियों को विभाग आवंटित किया गया</u>

<u>मंत्री बलराम यादव को माध्यमिक शिक्षा, मंत्री नारद राय को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग आवंटित</u>

<u>श्री रविदास मेहरोत्रा परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण तथा श्री शारदा प्रताप शुक्ला उच्च शिक्षा विभाग देखेंगे</u>

<u>मंत्री महबूब अली व राज्यमंत्री रामकरन आर्य को अतिरिक्त प्रभार</u>

लखनऊः 29 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के प्रस्ताव पर नये मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिये हैं। राज्यपाल ने मंत्री श्री बलराम यादव को माध्यमिक शिक्षा तथा मंत्री श्री नारद राय को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग देने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रविदास मेहरोत्रा को परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री शारदा प्रताप शुक्ला को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर वस्त्र उद्योग एवं रेशम उद्योग मंत्री श्री महबूब अली को उनके वर्तमान कार्य प्रभार के साथ अर्थ एवं संख्या, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का दायित्व अतिरिक्त कार्य प्रभार के रूप में आवंटित कर दिया है।

राज्यपाल द्वारा बाह्य सहायतित परियोजना, समग्र ग्राम विकास, खेलकूद, युवा कल्याण राज्यमंत्री श्री राम करन आर्य को उनके वर्तमान कार्य प्रभार के साथ आबकारी विभाग का अतिरिक्त कार्यभार आवंटित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, अर्थ एवं संख्या, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का कार्यभार अभी तक मुख्यमंत्री के पास था।

अंजुम/ललित/राजभवन (229/32)